# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

02.06.2024 समय : 1850

- चुनाव के बाद अधिकतर सर्वेक्षणों में लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को भारी बहुमत।
- अटठारहवीं लोकसभा के गठन को लेकर देशभर में सात चरणों में कराया गया चुनाव सम्पन्न हो गया है।
- मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में पेशेवर तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए सीटें आरक्षित की गई है।
- अंडमान निकोबार पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम की ओर से छापा मारकर नौ सौ पचानब्बे ग्राम गांजा और एक हजार एक सौ से अधिक एल्प्राज़ोलम की दवाईयों को जब्त किया गया।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><>

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले, निजी टीवी चैनलों और अन्य एजेंसियों ने चुनाव पश्चात् के सर्वेक्षण परिणाम जारी किए हैं। इनमें से अधिकतर में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए लोकसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर सत्ता में वापसी करेगा। इन परिणामों से संकेत मिलता है कि पांच सौ पैंतालीस सदस्यों वाली लोकसभा में एनडीए को दो–तिहाई बहुमत मिल सकता है। लोकसभा में सामान्य बहुमत के लिए दो सौ बहत्तर सीट की आवश्यकता होती है। चुनाव विशेषज्ञों ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के साढे तीन सौ से अधिक सीटें जीतने का अनुमान व्यक्त किया है। विपक्षी आई.एन.डी.आई गठबंधन को लोकसभा में एक सौ पच्चीस से डेढ सौ तक सीट मिल सकती हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का सीधा मुकाबला कांग्रेस के नेतृत्व वाले आई.एन.डी.आई गठबंधन से था। सत्तारूढ भाजपा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने का विश्वास है।

<><><><><><>

अटठारहवीं लोकसभा के गठन को लेकर देशभर में सात चरणों में कराया गया चुनाव सम्पन्न हो गया है। एक जून को सातवें और अंतिम चरण का चुनाव कराया गया। इसमें बासठ प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए पहले चरण के तहत मतदान कराया गया था। चौंसठ दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव कराने के लिए चार सौ बारह मतदान केन्द्र बनाए गए थे, कुल तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ अड़तालीस मतदाताओं में से दो लाख एक हजार छह सौ इकहत्तर मतदाताओं ने पहले चरण में वोट डाले। ननकौड़ी तहसील में सबसे अधिक अस्सी दशमलव आठ नौ प्रतिशत वोट पड़े जबकि पोर्ट ब्लेयर तहसील में सबसे कम चव्वन दशमलव पांच शून्य प्रतिशत वोट डाले गए। दक्षिण अंडमान ज़िले में कुल दो लाख दस हजार एक सौ उनतालीस मतदाताओं में से एक लाख पच्चीस हजार दो सौ इक्कतीस मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ज़िले में उनसठ दशमलव पांच नौ प्रतिशत मत पड़े। तीस से अधिक मतदान केन्द्रों में पचास प्रतिशत से भी कम वोट डाले गए। इस बार के चुनाव में पहली बार ग्रेट निकोबार द्वीप में रहने वाले कुछ शौम्पेन आदिम जनजातियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। द्वीपसमूह में इसबार के चुनाव में कुल बारह उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। चार जून को इनके भाग्य का फैसला हो जाएगा।

राष्ट्रीय, राजनीतिक दलों के अलावा क्षेत्रीय दल और निदर्लीय उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में है। आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से मतगणना केन्द्र जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय से चुनाव परिणाम की ताज़ा जानकारी देने की व्यवस्था की गई है। इसे सुबह साढ़े नौ बजे से मिडियम वेव छह सौ चौरासी किलोहर्टज और एफ एम 100.9 पर सुना जा सकता है। मतगणना की समाप्ति तक प्रसारण जारी रहेगा।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना  की सुचारू व्यवस्था की समीक्षा के लिए कल जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा और चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ जे एन आर एम मतगणना केन्द्र का दौरा किया और मतगणना व्यवस्था की समीक्षा की। वोटो की गिनती चार जून को सुबह आठ बजे से जे एन आर एम स्थित मतगणना केन्द्र में होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और मतगणना से संबधित अधिकारियों की टीम ने काउन्टिंग हॉल का दौरा किया और वहां वोटो की गिनती के लिए की गई व्यवस्था जैसे प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं, नियमित बिजली आपूर्ति, संचार सुविधा, सी सी टी वी डिसप्ले, मतगणना कर्मचारियों, उम्मीदवारों और एजेंटो के लिए स्थान की सुविधाएं उपलब्ध कराना, भारत निर्वाचन आयोग की दिशा–निर्देशों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना की सूचना के प्रसार के लिए मतगणना केन्द्र में एक सार्वजनिक सम्बोधन प्रणाली उपलब्ध कराने, डेटा के निर्बाध प्रसारण के लिए आवश्यक आई टी बुनियादी ढ़ांचे की उपलब्धता सुनिश्चित की।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में पेशेवर तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए सीटें आरक्षित की गई है। बी डी एस, बी ए एम एस, होटल प्रबंधन, बी एस सी बी एड, जनरल नर्सिंग, बी एस सी नर्सिंग, बी ई, बी टेक, मल्याली मूल के विद्यार्थियों के लिए एम बी बी एस और बी ए एम एस पाठ्यक्रमों के अलावा डिप्लोमा और पी जी की राज्यवार सीटें आरक्षित हैं। इस सम्बंध में शिक्षा विभाग की ओर से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपो के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भारत सरकार की गृह मंत्रालय की ओर से जारी श्रेणीवार निर्देश के तहत ही सीटों का आवंटन किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन बीस जून की शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों से आवेदन फार्म भरने के लिए निर्देशों का पालन करने और अच्छी तरह से जानकारी हासिल करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम की ओर से हाल ही में दो अलग–अलग मामलों में छापा मारकर नौ सौ पचानब्बे ग्राम गांजा और एक हजार एक सौ अधिक एल्प्राज़ोलम की दवाईया जब्त किया गया। पुलिस ने अपने डॉग स्क्वॉड की मदद से विमान से कोलकाता से आ रही तिरपन वर्षीय सबिता दास नामक महिला की तलाशी ली और उसके पास गांजा ज़ब्त कर मौके पर ही उसे गिरफ्तार किया। इसी तरह के अन्य मामले में विमान से कोलकाता से आ रहे कालापत्थर निवासी जोगेश बिश्वास को भी एल्प्राज़ोलम की दवाई के साथ मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। आरोपियों पर एन डी पी एस की धारा उन्नीस सौ पचासी के तहत मामला दर्ज किया गया और आगे की कार्रवाई जारी है। इन दोनों छापेमारी को नारकोटिक्स के उप–पुलिस अधीक्षक विशेष धातेरवाल की निगरानी  और एस पी सी आई डी मोहम्मद इरशाद हैदर की सम्पूर्ण निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर आज अपनी स्थापना का इकसठवां वर्षगांठ मना रहा है। आज ही के दिन दो जून उन्नीस सौ तिरेसठ को इसकी पोर्ट ब्लेयर में स्थापना हुई थी। इस सेवा में तब से लेकर अब तक ये केन्द्र अपनी सेवाएं प्रदान करता आ रहा है। आज आयोजित कार्यक्रम में निदेशक अभियांत्रिकी एम चित्रा ने आकाशवाणी के सफर और इसके योगदान पर जानकारी दी। सहायक निदेशक अभियांत्रिकी तमिल सेल्वी और सहायक निदेशक कार्यक्रम मीना प्रकाश ने अपने विचार रखे। गीत–संगीत के कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

<><><><><><><>

ंद्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सतहत्तर मिलीमीटर, मायाबंदर में अड़तीस, पोर्ट ब्लेयर में अठारह दशमलव दो, हटबे में चौदह दशमलव दो, कार निकोबार में दस और वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। आठ जून की सुबह साढ़े आठ बजे तक मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

<><><><><><><>